जयंती

गांधी के सत्याग्रह और शास्त्री के 'जय जवान, जय किसान' को समर्पित होंगे आज के आयोजन

गांधी-शास्त्री की जयंती आज, देश के महापुरुषों का होगा स्मरण

नवभारत ,जबलपुर । 2 अक्टूबर देश के लिए दो महापुरुषों को याद करने का दिन है। एक ओर महात्मा गांधी की जयंती पर सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के विचारों को स्मरण किया जाता है, वहीं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उनकी सादगी, राष्ट्रसेवा और 'जय जवान, जय किसान' के संदेश को याद किया जाता है। दोनों की जयंती एक ही दिन होने से 2 अक्टूबर का महत्व और बढ़ जाता है।



सत्याग्रह से बदलाव का रास्ता दिखाया

महात्मा गांधी ने स्वतंत्रता आंदोलन में सत्याग्रह और अहिंसा को हथियार बनाया। उनका मानना था कि बिना हिंसा के भी अन्याय के खिलाफ मजबूती से खड़ा हुआ जा सकता है। इसी विचार ने स्वतंत्रता आंदोलन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा। 2 अक्टूबर को उनकी जयंती पर प्रार्थना सभाओं और विचार कार्यक्रमों में इन्हीं मूल्यों को केंद्र में रखा जाएगा।

जय जवान, जय किसान से दिया संदेश

लाल बहादुर शास्त्री का सार्वजनिक जीवन सादगी और कर्तव्यनिष्ठा से जुड़ा रहा। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने देश की सुरक्षा में जवानों और खाद्य व्यवस्था में किसानों की भूमिका को महत्व दिया। इसी संदर्भ में दिया गया 'जय जवान, जय किसान' का संदेश आज भी उनकी पहचान का प्रमुख हिस्सा है।


श्रद्धांजलि के साथ होंगे आयोजन

शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, सरकारी कार्यालयों और सामाजिक संगठनों में गांधी और शास्त्री को श्रद्धांजलि दी जाएगी। कहीं प्रार्थना सभा होगी तो कहीं विचार गोष्ठी, भाषण, निबंध प्रतियोगिता और स्वच्छता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। विद्यार्थियों के बीच दोनों महापुरुषों के जीवन और योगदान पर चर्चा भी होगी।

फैक्ट फाइल

2 अक्टूबर — गांधी जयंती और शास्त्री जयंती
157वीं — महात्मा गांधी की जयंती, 2026
122वीं — लाल बहादुर शास्त्री की जयंती, 2026
1869 — गांधीजी का जन्म वर्ष
1904 — शास्त्रीजी का जन्म वर्ष
प्रमुख संदेश — सत्य-अहिंसा और 'जय जवान, जय किसान'
अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस — 2 अक्टूबर

इनका कहना है



लाल बहादुर शास्त्री की सादगी और 'जय जवान, जय किसान' का संदेश आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है। देश की प्रगति में जवान और किसान दोनों की भूमिका अहम है। उनकी जयंती पर उन्हें याद करने के साथ हमें अपने स्तर पर जिम्मेदारी निभाने का संकल्प भी लेना चाहिए।

ओमप्रकाश दहिया , स्थानीय नागरिक

गांधीजी ने बिना हिंसा के अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया और शास्त्रीजी ने सादगी से देश की सेवा की। दोनों का जीवन आज भी आम आदमी को बहुत कुछ सिखाता है।

मनोज शर्मा



स्थानीय नागरिक



मप्र जैनको में एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान

स्वास्थ्य शिविर में कर्मचारियों का किया गया परीक्षण

नवभारत,जबलपुर। राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान के अंतर्गत एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कंपनी के मुख्यालय परिसर स्थित हॉस्टल बिल्डिंग के निकट आयोजित कार्यक्रम में अभियंताओं और कार्मिकों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान स्वच्छता कार्य से जुड़े सफाई मित्रों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई।

पावर मैनेजमेंट कंपनी के चिकित्सालय के चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील कुमार वर्मा, डॉ. पंकज वर्मा एवं अस्पताल के अन्य कार्मिकों द्वारा सफाई मित्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श देते हुए कार्य के दौरान स्वास्थ्य एवं व्यक्तिगत सुरक्षा का ध्यान रखने की सलाह दी।इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन फिरोज कुमार मेश्राम ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक विभाग या व्यक्ति की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक और कर्मचारी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में कंपनी प्रबंधन द्वारा सफाई मित्रों को ग्लव्स (दस्ताने) सहित अन्य आवश्यक सुरक्षा सामग्री भी भेंट की गई। इस पहल के माध्यम से स्वच्छता कार्य में लगे कार्मिकों की सुरक्षा के साथ उनके स्वास्थ्य के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता भी व्यक्त की गई। स्वच्छता के साथ स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामूहिक सहभागिता का संदेश- कार्यक्रम के दौरान अभियंताओं एवं कार्मिकों ने परिसर के विभिन्न हिस्सों में साफ-सफाई की तथा स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया।

इन्होंने की सहभागिता

एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन एवं प्रशासन फिरोज कुमार मेश्राम, मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार जैन, अतिरिक्त मुख्य महाप्रबंधक अनुराग नायक, प्रशासन महाप्रबंधक नितिन खत्री, चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनील कुमार वर्मा, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के सचिव खेल महेश चंद बलोदी, अधीक्षण अभियंता सिविल मिलिन्द चौधरी सहित बड़ी संख्या में अभियंताओं एवं पुरूष व महिला कार्मिकों ने श्रमदान में सहभागिता की।

एक नजर में

वेदांत अध्ययन की कक्षाओं में प्राप्त हो रहा संसार के वास्तविक स्वरूप का ज्ञान

नवभारत,जबलपुर । चिन्मय विद्या पीठ एवं श्रीराम मंदिर मदन महल द्वारा संचालित हो रहे वेदांत अध्ययन कार्यक्रम की श्रृंखला में तत्त्वबोध ग्रन्थ के अध्ययन के बाद गोस्वामी श्री तुलसीदासजी कृत श्रीरामचरितमानस अंतर्गत 'बालकाण्ड' के प्रथम चरण की कक्षाएं आचाय हितेश चैतन्य (डॉ. राजेश कुमार पाण्डेय) के सान्निध्य में संचालित की जा रही है । बालकाण्ड की कक्षाओं में जगत् के स्वरुप का वर्णन और विवेक के विषय को विस्तारपूर्वक समझाया गया। अभी तक की कक्षाओं में सज्जन का कर्म, करणीय क्या है एवं साधक के लिए निज दोष दर्शन का महत्व कितना अधिक उपयोगी है को भी विस्तारपूर्वक समझाया गया । भगवान् देह किस कारण से धारण करते है? इस प्रश्न का उत्तर बालकाण्ड अंतर्गत बीजरामायण में प्राप्त होता है। साधक के जीवन में प्रभु की भक्ति क्यों आवश्यक है ? नाम साधना का साधक के जीवन में क्या महत्व है । मानस के अधिकारी कौन है । उक्त प्रश्नों के उत्तर बालकाण्ड में हमें प्राप्त होते है । वेदांत पाठ्यक्रम अंतर्गत बालकाण्ड की कक्षाएं प्रत्येक शनिवार एवं रविवार शाम 4.00 बजे से 6.00 बजे तक श्री राम मंदिर मदन महल में आयोजित की जा रही है।

व्हीकल फ़ैक्टरी के मुख्य महाप्रबंधक नियुक्त हुए दुर्गेश नंदन वर्मा

नवभारत,जबलपुर । निर्माणी में 30 सितंबर को प्रवीण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक की सेवानिवृत्ति के बाद दुर्गेश नंदन वर्मा को व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर का नया मुख्य महाप्रबंधक नियुक्त किया गया है। दुर्गेश नंदन वर्मा शीघ्र ही ब कार्यभार ग्रहण करेंगे। दुर्गेश नंदन वर्मा 1999 बैच के आईओएएस ऑफिसर हैं, तथा अभी वो आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड के अंतर्गत एवीएनएल प्रशिक्षण संस्थान अवाडी, चैन्नई में मुख्य महाप्रबंधक के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। श्री वर्मा पहले भी व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। 2016 से 2024 तक क्रमशः संयुक्त महाप्रबंधक एवं अपर महाप्रबंधक के रूप में आपने यहां कार्य किया है। दुर्गेश नंदन वर्मा के आगमन को लेकर व्हीएफजे के सभी अधिकारी कर्मचारी उत्साहित हैं। उक्त जानकारी शैलेंद्र सिंह , सहायक जनसंपर्क अधिकारी व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर ने दी है।



आर्य समाज में वार्षिकोत्सव एवं वेद प्रचार कार्यक्रम का समापन

नवभारत,जबलपुर। आर्य समाज दयानंद में आयोजित वार्षिकोत्सव, वेद प्रचार, ऋग्वेद पारायण यज्ञ एवं ध्वजोतोलन कार्यक्रम का गरिमामयी समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 8:00 बजे ध्वजोतोलन और यज्ञ के साथ किया गया। इस अवसर पर सुल्तानपुर (उत्तर प्रदेश) से पधारे मुख्य वैदिक प्रवक्ता मुनि शुचिषद् (शिवदत्त पांडेय) ने ओम् के पवित्र उच्चारण के साथ वैदिक मंत्रों की सरल व्याख्या की। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को इन मंत्रों को अपने दैनिक जीवन में उतारने का आह्वान किया।

इस मौके पर मुनि शुचिषद् ने भावुक होते हुए कहा कि वे वर्ष 2003 में पहली बार जबलपुर आए थे और आज 23वें वर्ष में उन्हें यहाँ आकर अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने जबलपुर में वैदिक गुरुकुल की स्थापना की सराहना करते हुए कहा कि अब हमें बाहर से वैदिक प्रवक्ताओं को बुलाने की आवश्यकता नहीं है। हमारे अपने गुरुकुल में दी जा रही शिक्षा-दीक्षा अत्यंत स्मरणीय और सराहनीय है।

इनकी रही भूमिका

इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में आर्य समाज के धर्माचार्य आचार्य धीरेन्द्र पांडेय (पुरोहित, आर्य समाज भवन जबलपुर) और सत्येन्द्र शास्त्री (पुरोहित, आर्य समाज गोरखपुर जबलपुर) का विशेष सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरविन्द माहेश्वरी, विरेन्द्र कुमार धमीजा, नरेन्द्र कुमार धमीजा और रोहित माटा उपस्थित रहे।

हिंदू-मुस्लिम धर्मावलंबियों ने पेश कीं चादर शरीफ

ग्यारहवीं शरीफ के तीसरे उर्स मेले में हाजरी पेश करने पहुचें अक़ीदतमंद

नवभारत,जबलपुर। मदन महल पहाड़ी पर स्थित हजरत पीराने पीर की दरगाह शरीफ में ग्यारहवीं शरीफ के तीसरे उर्स मेले का आयोजन अकीदत और मोहब्बत के माहौल में किया गया। इस मौके पर सैकड़ों की तादाद में जायरीन और अकीदतमंदों ने दरगाह शरीफ में हाजिरी पेश की। बड़ी संख्या में लोगों ने चादरें और निशान शरीफ पेश कर दुआएं मांगीं। नजर-नियाज पेश करने के साथ लंगर का भी आयोजन किया गया, जिसे जायरीन में तकसीम किया गया। मेले में हिंदू धर्मावलंबियों ने भी बड़ी संख्या में दरगाह पहुंचकर सलामी पेश की और अपनी मन्नतें मांगीं। प्रमुख रूप से मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सरपरस्ती में दरबार-ए-पहलवान गांधी व्यायामशाला रांझी के तत्वावधान में दरगाह शरीफ में चादर पेश की गई। चादर शरीफ रांझी दरबार से शाम 5 बजे रवाना हुई, जो शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए मदन महल दरगाह शरीफ पहुंची।

दरगाह पहुंचने पर अकीदत के साथ चादर शरीफ पेश की गई। इस दौरान मुल्क और शहर में अमन-ओ-अमान, खुशहाली एवं भाईचारे के लिए दुआ की गई। अपराह्न जुहर की नमाज के बाद मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी की सदारत में जलसा-ए-गौसिया आयोजित किया गया। इसमें सज्जादानशीन खलीफा इनायत कादरी ने गौसे आजम की सीरत पर रोशनी डाली। वहीं बासित अली कादरी ने नात शरीफ और मनकबत पाक पेश की। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंद मौजूद रहे और दरगाह शरीफ में हाजिरी देकर फैज हासिल किया। दरगाह परिसर में मुरीदों और मुजावरों की आमद दिनभर बनी रही। कार्यक्रम के दौरान सज्जादानशीन सूफी मुबारक कादरी, निजाम कादरी, आफताब कादरी, आबिद कादरी, इदरीस कादरी, अब्बू बाबा कादरी, अफजल कादरी, एजाज कादरी गोलू, फैजान कादरी और शानू कादरी ने हाजरीन की दस्तारबंदी कर इस्तकबाल किया। मुतवल्ली सैय्यद कादिर अली कादरी ने बताया कि आगामी 8 अक्टूबर, जुमेरात को ग्यारहवीं शरीफ के आखिरी मेले का आयोजन बड़े एहतेमाम के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर बाद नमाज-ए-जुहर सूफी संत सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।



ब्रांडेड कंपनियों की जेनरिक दवाईयां करवाई जाएं उपलब्ध

केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की बैठक में मंथन

नवभारत,जबलपुर। केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) की मासिक सलाहकार समिति की बैठक में लाभार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने, दवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, चिकित्सा सेवाओं में सुधार तथा डिस्पेंसरी की कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा की गई। डिस्पेंसरी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर.पी. रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में विभिन्न संगठनों के सलाहकार प्रतिनिधि मृगेंद्र नारायण सिंह, गुरमुख दास तलरेजा, अनिल शुक्ला, श्रीप्रसाद उपाध्याय, विजन जबलपुर के वरिष्ठ पदाधिकारी एस के बनर्जी, चन्दर सिंह राजपूत ने डिस्प्ले बोर्ड के सुचारू संचालन की बात कही। वहीं बाजार में नकली एवं अमानक दवाओं की आशंकाओं को देखते हुए औषधियों के प्रमाणीकरण, गुणवत्ता परीक्षण तथा नियमित निगरानी की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया।



इनका रहा सहयोग

अनिल शुक्ला ने बताया कि सलाहकार प्रतिनिधियों ने डॉ. आर.पी. रावत, डॉ. एलिस सराफ, डॉ. राजीव यादव, डॉ. एस.के. राव एवं डॉ. एस.के. यादव एवं स्टाफ के मनोज कुमार, लव दांगी,प्रदीप सिंह द्वारा लाभार्थियों के प्रति सम्मानजनक व्यवहार, सहयोगात्मक प्रयासों की सराहना की। बैठक में मेडिसन सप्लायर प्रतिनिधि पंकज नवाठे ,डिस्पेंसरी स्टाफ के मनोज कुमार, लव डांगी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप सिंह, आनंद कुमार, रवि दहायत, गोपाल भट्ट, हेमराज आर्मो एवं श्रीमती राशि सहित समस्त कर्मचारियों का सराहनीय योगदान रहा।

वृद्धों से संवाद ने नई पीढ़ी को सिखाए जीवन के अनमोल पाठ

नवभारत,जबलपुर। शासकीय मोहनलाल हरगोविंददास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर द्वारा 'वृद्धों से संवाद एवं अनुभव-साझाकरण' विषय पर एक सार्थक एवं संवेदनशील गतिविधि का आयोजन किया गया। गतिविधि के अंतर्गत छात्राओं ने आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 62, मदन महल, जबलपुर में वृद्धजनों से आत्मीय संवाद स्थापित कर उनके जीवन-अनुभवों, संघर्षों, उपलब्धियों और जीवन-मूल्यों को जाना। कार्यक्रम का उद्देश्य विभिन्न पीढ़ियों के बीच संवाद एवं आत्मीयता को बढ़ावा देना, वृद्धजनों के अनुभवों से युवा पीढ़ी को सीखने का अवसर प्रदान करना तथा वृद्धावस्था से जुड़े अकेलेपन एवं उपेक्षा की भावना को कम करने की दिशा में सकारात्मक प्रयास करना था। गतिविधि में 35 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। संवाद के दौरान वृद्धजनों ने अपने बचपन, शिक्षा, पारिवारिक जीवन, कार्यक्षेत्र, सामाजिक परिवर्तनों तथा जीवन में आए संघर्षों और उपलब्धियों से जुड़े अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि पूर्व समय में सीमित संसाधनों के बावजूद लोगों में संतोष, सहयोग और सामुदायिक भावना अधिक मजबूत थी। कठिन परिस्थितियों ने उन्हें धैर्य, आत्मनिर्भरता, अनुशासन और संघर्षशीलता का महत्व सिखाया।

वृद्धजनों ने दिया संदेश

वृद्धजनों ने युवा पीढ़ी को संदेश देते हुए कहा कि समय का सम्मान करें, परिश्रम से न घबराएं और अपने संबंधों को केवल डिजिटल माध्यमों तक सीमित न रखें। उन्होंने असफलताओं को जीवन का अंत न मानकर उनसे सीखने का अवसर मानने तथा माता-पिता एवं परिवार के बुजुर्ग सदस्यों के साथ समय बिताने और उनके अनुभवों को सम्मानपूर्वक सुनने की सलाह दी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समीर कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष डॉ. आभा तिवारी एवं श्रुति सिंह सहित अन्य शिक्षकगण एवं सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

जिसका संयोग हुआ है उसका वियोग भी अवश्य

नवभारत,जबलपुर। पाप से दु:ख और धर्म से सुख होता है यह बात सब लोगों में भली प्रकार से प्रसिद्ध है इसलिए तो भव्य प्राणी सुख की अभिलाषा करता है, उसे पाप को छोड़कर निरंतर धर्म का आचरण करना चाहिए जिनका संयोग हुआ है उनका वियोग भी अवश्य भावी है । यह उपरोक्त मांगलिक प्रवचन पूज्य मुनि श्री 108 निर्दोष सागर महाराज जी ने बड़े जैन मंदिर की प्रांगण में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहीं ।

आगे पूज्य मुनि श्री ने यह भी कहा कि मनुष्य जीवन की श्रेष्ठता सदाचार के कारण है ,पशुओं में माता बहन पुत्री आदि का विवेक नहीं होता ,वह सदा हिंसा ,काम सेवन आदि पाप कार्यों में लिप्त रहते हैं । लेकिन संसारी प्राणी को अपना जीवन श्रेष्ठ बनने के लिए सभी चरित्र आचरण करना चाहिए । मांगलिक प्रवचन के पूर्व भगवान श्री शांतिनाथ जी का अभिषेक शांति धारा पूजन इत्यादि धार्मिक कार्य संपन्न हुए । पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर महाराज जी की पूजा अर्चना भक्ति भाव के साथ उपस्थित धर्म प्रेमी जनों ने की । इसेक बाद मंच पर मंचासीन पंच ऋषि राज् महाराज का पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का कार्यक्रम संपन्न हुआ।



व्हीएफजे में आयोजित हुआ एवीएनएल स्थापना दिवस समारोह

नवभारत,जबलपुर। आर्म्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड की इकाई वाहन निर्माणी जबलपुर में गुरूवार को एवीएनएल स्थापना दिवस समारोह 2026 का आयोजन किया गया। समारोह में निर्माणी के अस्थाई प्रभारी अधिकारी के आर मीणा ने एवीएनएल ध्वज फहराकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

इस अवसर पर एवीएनएल गीत बजाया गया तथा स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इससे पहले 30 सितंबर को एवीएनएल स्थापना दिवस रैली का आयोजन भी निर्माणी में किया गया, जिसके अंतर्गत के आर मीणा, अस्थाई प्रभारी अधिकारी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

उल्लेखनीय है कि 1 अक्टूबर 2021 को आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड का गठन हुआ है तथा यह एक मिनी रत्न कंपनी है। एवीएनएल स्थापना दिवस समारोह में अपने उद्बोधन में निर्माणी के अस्थाई प्रभारी अधिकारी के आर मीणा जी ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एवीएनएल स्थापना दिवस की बधाई दी तथा भारत के रक्षा निर्माण के क्षेत्र में एवीएनएल के योगदान को रेखांकित करते हुए, सभी कार्मिकों से पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा के साथ रक्षा उत्पादन के क्षेत्र में योगदान करने हेतु अपील की।



परिचर्चा

जबलपुर में पीआईबी की ठोस अपशिष्ट पर केंद्रित वार्तालाप आयोजित

कचरा कल्चर की मानसिकता से अब उबरने की जरूरत : महापौर



नवभारत,जबलपुर। हमको कचरा कल्चर की मानसिकता से ऊपर उठना होगा और स्वच्छता को हमारी जिम्मेदारी में शामिल करना होगा। यह एक ऐसा काम है जो हम दूसरों पर नहीं छोड़ सकते बल्कि हमें स्वयं को इसमें लगाना होगा । इस आशय के विचार जबलपुर नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने पीआईबी भोपाल द्वारा आयोजित विकसित भारत 2047 एवं ठोस अवशिष्ट प्रबंधन पर केंद्रित एक दिवसीय मीडिया वार्तालाप कार्यक्रम में व्यक्त किये।

इस दौरान उन्होंने ये भी कहा कि इस समय देश में जबलपुर कचरे के निपटान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यहां पर न सिर्फ बड़ी मात्रा में कचरा का निपटान हो रहा है बल्कि जबलपुर दूसरे शहरों को भी एक नई राह दिखा रहा है ।

कार्यक्रम के आरंभ में पीआईबी भोपाल के निदेशक मनीष गौतम ने वार्तालाप कार्यक्रम के विषय में चर्चा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों पर केंद्रित वार्तालाप कार्यक्रम का आयोजन मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में समय-समय पर किया जाता है। इसी कड़ी में जबलपुर में यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

नागरिकों के बीच जागरूकता का हुआ संचार

अपने प्रस्तुतीकरण में गणेश राम ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में किस तरह से ठोस अवशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के प्रावधानों के अंतर्गत नगर निगम कार्य कर रहा है। इन कार्यों से जबलपुर को न केवल एक नई पहचान मिली है बल्कि नागरिकों के बीच जागरूकता का संचार भी हुआ है। वहीं उप परियोजना निदेशक सीमा सराफ ने कृषि विभाग से संबंधित अनेक योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन केंद्रीय संचार ब्यूरो के प्रभारी संदीप चौकसे ने किया और आभार प्रदर्शन सहायक निदेशक पीआईबी अजय प्रकाश उपाध्याय ने किया।

मध्यप्रदेश के पारेषण नेटवर्क में जुड़ा 418वां ईएचटी सबस्टेशन

एमपी ट्रांसको ने 132 केवी बिलौआ सबस्टेशन किया ऊर्जीकृत

नवभारत,जबलपुर। प्रदेश के विद्युत पारेषण नेटवर्क को और सुदृढ़ करते हुए मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने 132 केवी का एक और एक्स्ट्रा हाई टेंशन (ईएचटी) सबस्टेशन ऊर्जीकृत कर दिया है। 50 एमवीए क्षमता वाला यह सबस्टेशन प्रदेश का 418वां ईएचटी सबस्टेशन है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया कि इसके जुड़ने से प्रदेश की पारेषण प्रणाली को नई मजबूती मिली है।

श्री तोमर ने कहा है कि प्रदेश में बढ़ती बिजली मांग को देखते हुए पारेषण क्षमता का लगातार विस्तार किया जा रहा है। नया सबस्टेशन औद्योगिक क्षेत्रों और ग्रामीण अंचलों में विश्वसनीय बिजली आपूर्ति के साथ भविष्य की मांग पूरी करने में भी सहायक होगा। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए एमपी ट्रांसको के अभियंताओं और कार्मिकों को बधाई दी।



औद्योगिक फीडरों पर लोड प्रदाय शुरू

सबस्टेशन चालू होते ही 33 केवी के दो औद्योगिक फीडरों पर सफलतापूर्वक लोड प्रदाय शुरू कर दिया गया है। यह सबस्टेशन ग्वालियर जिले के बिलौआ में स्थित है। यहाँ से 33 केवी के चार फीडरों के माध्यम से मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को बिजली दी जाएगी। इससे 119 औद्योगिक एवं व्यावसायिक इकाइयों, लगभग 60 गांवों के घरेलू व कृषि उपभोक्ताओं, दो नगर परिषदों और बीएसएफ प्रशिक्षण केंद्र सहित करीब 70 हजार उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।